Regarding construction of Outer Ring Road in Badaun district, Uttar Pradesh-Laid

श्री आदित्य यादव (बदायूं) : जनपद बदायूं में आउटर रिंग रोड के निर्माण कराए जाने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । जनपद बदायूं में 5000 से अधिक पंजीकृत औद्योगिक इकाइयां स्थापित है । घनी आबादी होने के कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है । लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान जाने पर काफी समय लगता है लोगों का धन व्यय होता है जिसके कारण आम जनता परेशान होती है । बदायूं से बरेली मुरादाबाद, शाहजहांपुर आगरा और फर्रुखाबाद के मुख्य मार्ग से यदि बदायूं को जोड दिया जाए तो जाम की स्थिति से छुटकारा मिल सकेगा ।

मैं माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से अनुरोध करना चाहूंगा कि बदायूं के मुख्य मार्ग से मुरादाबाद, शाहजहांपुर, आगरा फर्रुखाबाद तथा बरेली को बदायूं शहर के मुख्य मार्ग से जोड़कर आउटर रिंग रोड बनाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें जिससे बदायूं शहर को जाम से मुक्ति मिल सके ।